भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3166 का उत्तर

पुदुक्कोट्टई रेलवे स्टेशन पर ठहराव

3166. श्री दुरई वाइको:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का अयोध्या और रामेश्वरम के बीच दोनों दिशाओं में चलने वाली ट्रेन संख्या 22613/22614 अयोध्या-रामेश्वरम एक्सप्रेस के लिए पुदुक्कोट्टई रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त ठहराव पर विचार करते समय यात्रियों की मांग और पुदुक्कोट्टई जिले के क्षेत्रीय, सामाजिक और धार्मिक महत्व का आकलन किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) पुदुक्कोट्टै स्टेशन के यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि 22613/22614 रामेश्वरम - अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु एक्सप्रेस को पुदुक्कोट्टै स्टेशन पर रुकने की अनुमति दी जाएगी।

****